हिन्दू-संगठन एवं हिन्दू राष्ट्रकी स्थापना हेतु कार्यरत

हिन्दू जनजागृति समिति

पंजीयन क्र. : 1540/I-634, १२.११.२००२, फोंडा, गोवा.

चल-दूरभाष
९३२६१०३२७८
इ-मेल
contact@HinduJagruti.org
जालस्थल (वेबसाइट)
www.HinduJagruti.org

पंजीकृत कार्यालय : 'मधु स्मृति', प्रथम तल, बैठक सभागृह, घर क्र. ४५७, सत्यनारायण मन्दिरके निकट, ढवळी, फोंडा, गोवा ४०३ ४०१.

प्रति,

विषय : हिन्दू धर्म तथा श्रद्धा का अनादर करनेवाला चलचित्र, 'धरम संकट में' को प्रदर्शित ना करनेकी मांग

महोदय,

'हिन्दू जनजागृति समिति' एक सामाजिक संगठन है । हिन्दू, 'धर्म, समाज और राष्ट्र के प्रति जागरूक हों, इस उद्देश्य से समिति कार्य करती है । समिति के कार्य की अधिक जानकारी हेतु इसका सूचना-जालस्थल (www.hindujagruti.org) देख सकते हैं ।

महोदय, यह चलचित्र, जिसके निर्देशक फुवाद खान तथा निर्माता सज्जद चूनावाला और शरिक पटेल हैं, १० अप्रैल को आपके चित्रपटगृह में प्रदर्शित होनेवाली है । इस संबंध में हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि इस चलचित्र में हिन्दू धर्म का अनादर करते हुए हिन्दू साधु-संतो को आपत्तिजनक रुप में दिखाया गया है तथा हिन्दुओं की आस्था पर प्रश्नचिन्ह खडा किया गया है । इस चलचित्र में नसिरूद्दीन शाह को 'नीलानंद बाबा' नामक एक हिन्दू संत के रूप में दिखाया गया है । एक गाने में अश्लील हावभाव करने वाली युवतियां को इस संत के साथ नाचते हुए दिखाया गया है ।

'ओ माय गॉड' चलचित्र बनानेवाले निर्माताओं ने ही इस 'धरम संकट में' चलचित्र का निर्माण किया है । आपको यह पता ही होगा की 'ओ माय गॉड' चलचित्र में हिन्दुओं की भगवान के प्रति की श्रद्धा पर प्रश्नचिन्ह उपस्थित किया गया था तथा हिन्दू धर्म का अवमान किया गया था ।

‘धरम संकट में’ चलचित्र के निर्माताओं ने इसके प्रमोशन के लिए अनेक पोस्टर तथा ट्रेलर बनाए हैं । इनमें से कुछ वीडियो ‘नीलादंन बाबा’द्वारा बनाए गए उत्पादों का विज्ञापन करते हुए दिखाते है । इनमें से एक वीडियो ‘नीलानंद त्रिफला चूर्ण’ उत्पाद का है । कुछ अन्य वीडियो ‘नीलानंद बाबा’के ‘आय डोन्ट केअर आसन’ (I don't care asan) तथा ‘नील हवा आने दे आसन’ के बारे में है । इससे हमारे मन में यह प्रश्न उठता है की इस प्रकार से केवल हिन्दू धर्म में दी गई सूत्रों का ही मजाक क्यों उडाया गया है ? इस तरह के वीडियो हिन्दू धर्म के आयुर्वेद तथा योग जैसे अंगों पर प्रश्नचिन्ह उपस्थित करते है तथा इससे हिन्दुओंकी धर्म के प्रति आस्था का भी हनन हो रहा है ।

इस पत्र के माध्यम से हम आप से मांग करते हैं कि इस फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाएं । अन्यथा, समिति इसके विरुद्ध तीव्र आंदोलन करेगी । आशा करता हूं कि आप इस पत्र का तुरंत उत्तर देंगे तथा इस संबंध में उचित कार्यवाही भी करेंगे ।

आपका नम्र,

हिन्दू जनजागृति समिति के लिए